भाटापारा स्टेशन

भाटापारा रेल्वे स्टेशन पर आपका स्वागत है। यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर संभाग का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जो कि छत्तीसगढ़ का एक संयुक्त जिला बलोदाबाजार-भाटापारा में स्थित है । यह स्टेशन मुंबई-हावड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित है । व्यापारिक दृष्टिकोण से भाटापारा में कृषि उद्योग, राईस मिल एवं अन्य लघु उद्योग अत्यधिक मात्रा में उपलब्ध है। रेलवे बोर्ड मानक के अनुसार इस स्टेशन में सभी यात्री सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 के अनुसार देश के कुल 611 नन-सब-अर्बन स्टेशनों में रायपुर 43वां सबसे स्वच्छ रेलवे स्टेशन है। भाटापारा भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के बलौदा बाजार जिले में स्थित एक नगर है। यह उस जिले का मुख्यालय भी है। इतिहास: 1854 से 1864 तक ब्रिटिश शासन के दौरान, बलौदा बाजार और भाटापारा रायपुर जिले का हिस्सा थे। बाद में, इन क्षेत्रों को 1864 में बिलासपुर जिले में शामिल कर लिया गया। भाटापारा बाद में 1903 में अपना खुद का जिला बन गया, जब स्थानीय ब्रिटिश अधिकारियों ने सिमगा से अपने टेलीग्राफ कार्यालय को वहां स्थानांतरित कर दिया।

भाटापारा के आस-पास पर्यटन स्थल निम्नानुसार है -

दामाखेड़ा-कबीर पंथ आश्रम़। तुरतुरिया- बाल्मीकि आश्रम और लव-कुश की जन्मस्थली। मावली माता मंदिर सिंगरपुर। सिद्धेश्वर मंदिरए पलारी। सोन बरसा नेचर सफारी। गिराउदपुरी धाम। बार नवापारा वन्यजीव अभयारण्य।

भाटापारा स्टेशन का चयन अमृत भारत स्टेशन प्रकल्प के तहत हुआ है इसके तहत एक नया स्टेशन बिल्डिंग (G+1) जिसके अंतर्गत उच्च श्रेणी एवं शयनयान श्रेणी का प्रतीक्षालय, वातानुकूलित रिटायरिंग रूम, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, जलपान गृह तथा अतिरिक्त प्लेटफॉर्म शेड का निर्माण का प्रस्ताव किया जायेगा।